दिन–सोमवार दिनांक– 05/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि विवाद का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है। श्री सिन्हा आज भागलपुर में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सरकार सीधे नागरिकों की सुनवाई और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर फोकस कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि जनकल्याण संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी।

———————————————————————————

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। याचिका में लालू प्रसाद ने कथित आईआरसीटीसी घोटाले में अपने खिलाफ आरोपों को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई चौदह फरवरी को होगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और ग्यारह अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू सात जनवरी को शपथ लेंगे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

———————————————————————————

भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की आज जयंती है। इस अवसर पर पटना के राजेन्द्र नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, रामकृपाल यादव, स्थानीय सांसद

रविशंकर प्रसाद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के चलते पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पांच दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आज राज्य के तीस जिलों में शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल सुबह राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर घना कुहासा छाया रहेगा। वहीं, छब्बीस जिलों में शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————————

पटना के इलाहीबाग स्थित एक शर्ट बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण अगलगी की घटना हुई।

पूर्णिया में साइबर अपराधियों ने एक अवकाश प्राप्त शिक्षक से सीबीआई अफसर बनकर पैंतीस लाख रुपये ठग लिये। इस मामले में पीड़ित ने स्थानीय साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————————

अररिया व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट मामले में दो दोषियों रॉबिन यादव को तीन वर्ष और दिलखुश यादव को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मोतिपुर साहेबगंज मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————

सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र के चाँद पीपर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चार लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

बक्सर जिले के बगेन गोला थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर चौरस्ता के पास से पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी विजय पांडेय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पटना के राजीवनगर से पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल भी बरामद की गई है।

———————————————————————————

सहरसा नगर थाना क्षेत्र के गंगजला चौक के पास से पुलिस ने दो तस्करों को छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समाप्त